प्रेस नोट

dt. 27/7/2011.

दमण एवं दीव के लोगों को यह जानकारी दी जाती है कि प्राथमिक अध्यापकों की भर्ती के लिए अनिवार्य अर्हता में से एक अर्हता शिक्षक पात्रता परीक्षा (Teachers Eligibility Test) है । उसके बिना प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूल के अध्यापक बनने के लिए कोई भी उम्मीदवार योग्य नहीं माना जाएगा । इसके सन्दर्भ में यह जानकारी दी जाती है कि भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिनांक 18.07.2011 के पत्र सं एफ. सं.3-1/2011-ईई-4 के अनुसार जो उम्मीदवार गुजरात राज्य द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) में सफलता सहित उत्तीर्ण होगा ~~वही~~ वह दमण एवं दीव में, प्राथमिक / उच्च प्राथमिक विद्यालय शिक्षक के लिए उम्मीदवार बन सकता है ।

अत: दमण एवं दीव के जो उम्मीदवार दमण एवं दीव में प्राथमिक अध्यापक भर्ती में बैठना चाहते है वे गुजरात राज्य द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा TET में शामिल होकर उस परीक्षा में उत्तीर्ण हो जो कि गुजरात राज्य द्वारा दिनांक 28.07.2011 को होने जा रही है तथा जिसकी पूर्ण जानकारी के लिए दिनांक 28.07.2011 के गुजरात के दैनिक समाचार पत्रों में सामाजिक विज्ञान, कला /वाणिज्य स्नातक (गणित, विज्ञान और भाषा विषय को छोडकर) शेष उम्मीदवारों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षण के लिए विज्ञप्ति दी गई है । उसके लिए आवेदन 28.07.2011 के 12.00 बजे से लेकर 06.08.2011 को अपराह्न 3.00 बजे तक Online पर आवेदन भर सकते है अधिक जानकारी के उपर्युक्त दिनांक के लिए गुजरात के समाचार पत्र और वेबसाइट http://ojas.guj.nic.in देखें ।

सहायक शिक्षा निदेशक
दमण एवं दीव, दमण